

## कलेक्टर, निगम आयुक्त ने किया दौरा

▸ व्यवस्था का जायजा लिया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भागीरथपुरा में प्रदूषित पानी से हुए हादसे को लेकर कलेक्टर और निगम आयुक्त ने सोमवार सुबह फिर दौरा किया. इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य और निगमकर्मियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली. साथ ही क्षेत्र के रहवासियों को टैंकर का पानी पीने की सलाह दी.**

आज सुबह कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भागीरथपुरा का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि आईसीएमआर और भोपाल की टीम सर्वे के डेटा देने और उनके द्वारा कलेक्ट किए जा रहे डेटा को लेकर दल के सदस्यों एसे जानकारी ली. साथ ही प्रशासन क्षेत्र में जल्द ही उत्पन्न स्थिति को सामान्य करने की कोशिश कर रहा है. कलेक्टर वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के 400 बोरिंगों को क्लोरिनेशन करने का कार्य चल रहा है. रहवासियों के घरों के बाहर बनी होज का पानी उपयोग करने की मनाही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कर थे है. आज केंद्र सरकार के आईसीएमआर और भोपाल से आए डॉक्टरों के दल को नगर निगम और स्वस्थ विभाग द्वारा किए गए सर्वे का डाटा उपलब्ध करा दिया है. उनकी टीम भी सर्वे शुरू कर चुकी है. जांच के बाद ही पानी में विषैले बैक्टीरिया का पता चलेगा, जिससे क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए है.

### नर्मदा व ड्रेनेज लाइन की सफाई जारी

नगर निगम की टीम द्वारा भी लगातार नर्मदा लाइन की सफाई और ड्रेनेज चेंबरो के सफाई का काम किया जा रहा है। क्षेत्र में जल्द ही स्थिति काबू में आ जाएगी.

## भागीरथपुरा के घरों में कोबो टूल के माध्यम से रियल टाईम सर्वे

▸ प्रभावित मरीजों का नि:शुल्क उपचार निरंतर जारी

▸ घर-घर पहुँचकर नागरिकों को वितरित किए क्लिनवेट ड्राप

**इंदौर. स्वास्थ्य विभाग ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. चंद्रशेखर गेदाम तथा जिला प्रशासन द्वारा आज कोबो टूल का प्रशिक्षण दिया गया. इस टूल के माध्यम से किसी भी स्थिति का रियल टाईम में वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकता है. इस हेतु आज भागीरथपुरा क्षेत्र में विस्तृत सर्वे किया गया.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी के निर्देशन में लगभग 200 टीमें बनाई गई. प्रत्येक टीम ने पहले से मार्क किए गए घरों में कोबो टूल के माध्यम से रियल टाईम सर्वे किया. इसमें उन्होंने प्रत्येक घर में ओ.आर.एस. के 10 एवं जिंक की 30 टेबलेट वितरित की. इसके साथ-साथ ही एक क्लिनवेट ड्राप भी वितरित की गई. टीम द्वारा यह बताया गया कि क्लिनवेट 10 लीटर पानी में 08 से 10 बूंद डालकर, एक घंटा रखने के बाद उपयोग करें. इस प्रक्रिया से पानी शुद्ध होता है. इसके साथ ही स्वास्थ्य परामर्श, टोल-फ्री नं. की जानकारी, दवाई का डोज पूरा करने का संदेश, पानी को उबालकर पीने की सलाह, संदिग्ध लक्षणों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन बताया गया. जो व्यक्ति स्वस्थ होकर घर आ गए, उनका फॉलोअप की जानकारी भी ली गई. प्रत्येक टीम को 25 घंटों का दौरा करना था, प्रत्येक सब-टीम में चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर, सी.एच.ओ., आशा एवं ए.एन.एम. सम्मिलित थी. आज इन टीमों ने 2745 घरों तक पहुँच बनायी, जिसमें लगभग 14 हजार लोगों तक पहुँचकर किट का वितरण कर आई.ई.सी. गतिविधि एवं परामर्श दिया. इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य प्रभावित क्षेत्र में आम जन को क्लोरीनेटेड पानी उपलब्ध करवाना ताकि वे रोगाणु मुक्त जल का उपयोग स्वास्थ्य प्राप्त कर सकें.

### उल्टी-दस्त के 38 केस मिले

क्षेत्र में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 5 एम्बुलेंस लगाई गई है, 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है, मरीजों को एम. व्हाय, चिकित्सालय, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहे हैं, वहीं पर भी नि:शुल्क उपचार, जाँच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है. आज भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उल्टी दस्त के 38 केस मिले जिसमें से 6 केस रेफर किये गए. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हासानी ने बताया कि वर्तमान में कुल 110 मरीज अस्पताल में भर्ती है, जिनका उपचार किया जा रहा है. वर्तमान में आईसीयू में 15 मरीज भर्ती है.



## मंत्री सिलावट पहुंचे अरबिंदो अस्पताल

▸ प्रभावितों से ली स्वास्थ्य उपचार की जानकारी

**इंदौर.** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट आज सोमवार को अरविंदो अस्पताल पहुंचें. उन्होंने भागीरथपुरा के प्रभावित भर्ती मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की. उन्होंने प्रभावितों के परिजनों को विश्वास दिलाया कि घबराएँ नहीं, राज्य शासन उनके साथ है.

अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर समुचित नि:शुल्क बेहतर उपचार किया जा रहा है. सभी प्रभावित मरीज शीघ्र स्वास्थ्य होकर अपने-अपने घरों को लोटेंगे. जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने प्रभावितों के परिजनों से भी स्वास्थ्य उपचार के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने अरविंदो अस्पताल के सभी डॉक्टरों को भी निर्देशित किया है कि वे अस्पताल में भर्ती प्रभावितों का उपचार और उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान दें.

### हाईकोर्ट में सुनवाई आज

इस पूरे मामले पर कानूनी कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है. हाईकोर्ट में दायर याचिका पर कल मंगलवार को सुनवाई होनी है. पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने नगर निगम आयुक्त और अपर आयुक्त को नोटिस जारी कर इस पूरी घटना पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है.

## 85 वार्ड में कैंडल मार्च निकालकर कांग्रेस आज देगी श्रद्धांजलि

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कांग्रेस आज शाम को शहर के सभी 85 वार्ड में भागीरथपुरा के मृतकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि देगी. उक्त कैंडल मार्च भागीरथपुरा में जहरीला पानी पीने के कारण 17 लोगों की मौत हो गई.**

कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आज शहर कांग्रेस के ब्लॉक एवं वार्ड अध्यक्षों के बैठक हुई. बैठक में शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि नगर निगम की लापरवाही से भागीरथपुरा में नागरिकों को जहरीला पानी सप्लाई किया गया. इसके परिणाम स्वरुप अब तक 17 नागरिकों की मौत हो चुकी है. उक्त घटना को लेकर कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के तो तबादले कर दिए गए हैं, लेकिन घटना के जिम्मेदार प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव का इस्तीफा अभी तक नहीं हुआ है. उक्त दोनों नेताओं के इस्तीफा की मांग और इनके लापरवाही से जान गवाने वाले 17 नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज शाम 6 बजे सभी वार्ड में कैंडल मार्च निकाला जाएगा. कैंडल मार्च वार्ड के विभिन्न मार्ग से होता हुआ प्रमुख चौराहे पर पहुंचेगा,जहां पर मृतकों के फोटो के सामने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी.

### बड़े नेताओं को भी सौंपी वार्ड की जिम्मेदारी



**क्षेत्र के बड़े नेताओं को दी जानकारी** -कैंडल मार्च के लिए बड़े नेताओं को क्षेत्र की जानकारी दी गई है. पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा पलसीकर कॉलोनी, शोभा ओझा छावनी, विनय बाकलीवाल तिलक नगर, विपिन वानखेड़े महालक्ष्मी नगर, सदाशिव यादव ग्राम भौरासला और राधेश्याम पटेल बिचोली हप्सी कैंडल मार्च में शामिल होंगे. बैठक में एआईसीसी प्रभारी उषा नायडू, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजीव सक्सेना, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े शामिल हुए. इसके लिए शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा हर वार्ड में एक प्रभारी बनाया गया है. कांग्रेस के बड़े नेताओं को भी वार्ड का प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है.

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर किया प्रदर्शन

महापौर के पोस्टर पर गोबर फेंका

**इंदौर. आज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया. इस दौरान चौराहे पर लगे महापौर के पोस्टर पर कार्यकर्ताओं ने गोबर फेंका और जमकर नारेबाजी की.**

आज कलेक्टर कार्यालय पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौहान के नेतृत्व में भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौत होने को लेकर प्रदर्शन किया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के भ्रष्टाचार और लापरवाही बरतने का दोषी महापौर को बताया. भागीरथपुरा में दूषित पानी की गंदगी साफ करने और महापौर द्वारा अधिकारी नही सुनते की घटना का जिम्मेदार ठहराते हुए महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाए. इस दौरान अपने साथ लाए गोबर को महापौर के कलेक्टर चौराहे पर लगे पोस्टर पर गोबर फेंका. बड़ी मात्रा में कार्यकर्ताओं ने गोबर फेंककर शहर को गंदगी से शुद्ध करने की बात कही.

## आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उपलब्ध कराई नि :शुल्क चिकित्सा

▸ वर्मा नर्सिंग होम ने पेश की सेवा की मिसाल

इंदौर. भागीरथपुरा में अचानक फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप को देखते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मैंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव देर रात वर्मा नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ अभ्युदय वर्मा के साथ आपातकालीन बैठक की. बैठक में निर्णय लिया कि हर मरीज को सर्वोत्तम व नि:शुल्क इलाज मिले. क्षेत्र के मरीजों के आसान पंहुच हेतु वर्मा नर्सिंग होम में मरीजों के नि:शुल्क इलाज की घोषणा की गई. इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बिना विलंब उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान करना था.

इसके बाद वर्मा नर्सिंग होम की टीम ने संकट की घड़ी मे सेवा की मिसाल पेश की. संसाधनों और मेन पावर की चुनौतियां को स्वीकार करते हुए मिशन मोड पर कार्य शुरू किया.




डॉ अभ्युदय वर्मा, डॉ. दीपिका वर्मा, डॉ. रक्षा वर्मा, अथर्व वर्मा के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने लगातार दिन रात काम कर अत्यधिक गंभीर स्थिति में पंहुच चुके दर्जनों मरीजों को जीवन दान दिया और आपदा नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर का दौरा किया, उन्होंने वर्मा अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की. डॉ यादव ने वर्मा नर्सिंग होम की सुविधा, सेवा और समर्पण की प्रशंसा की.

डॉ अभ्युदय वर्मा ने कहा कि आपदा में जनसेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है. सहज और कम शुल्क में उपचार स्वर्गीय पिता डॉ. सुरेश वर्मा की कार्यशैली रही है, उसी परम्परा को आज भी निभाया जाता है. डॉ. दीपिका वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के विजन और लीडरशिप से ही इस आपदा पर नियंत्रण पाया जा सका. उन्होंने आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध करवाए.

**समस्या** ▸ शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनियों से आ रही हैं नर्मदा लाइन में ड्रेनेज का पानी मिलने की शिकायतें

## करोड़ों खर्च हुए, पर पेयजल पाइप लाइन में गंदगी मिलना बंद नहीं हुई





**इंदौर.** नर्मदा पाइप लाईन में सीवरेज की गंदगी से पानी दूषित होने की समस्या शहर के अनेक क्षेत्रों से सामने आ रही है. 30 साल में 4 मास्टर प्लान बने, करोड़ों रुपए खर्च हुए, लेकिन पेयजल पाइप लाइन में सीवरेज की गंदगी मिलना बंद नहीं हुई. शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनियों में नर्मदा लाइन में ड्रेनेज का पानी मिलने की शिकायतें हैं. वैसे यह समस्या वर्षों पुरानी है और झोन से लेकर निगम मुख्यालय तक शिकायतों का अंबार लगा पड़ा है, लेकिन अधिकारी उन पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं. इस अनदेखी के चलते ही भागीरथपुरा की घटना हुई. अगर नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी अब भी नहीं चेते तो भागीरथपुरा की घटना की तरह ही शहर के किसी भी हिस्से में कभी भी घट सकती है.

दूषित पानी की समस्या मजदूर क्षेत्र और घनी बस्तियों की तंग गलियों में बसी सोमनाथ की जूनी चाल क्षेत्र में भी देखने को मिली. यह बस्ती वार्ड 46 में आती है. यहां के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अगर शिकायत दर्ज करवाता है तो उसका निराकरण करने के बजाए अधिकारी कंप्लेंट हटवाने की बात करते हैं. यह गंभीर बात क्षेत्र में रिपोर्टिंग करते समय नवभारत के सामने भी उजागर हुई. दरअसल मामला कुछ यूं है कि सोमनाथ की जूनी चाल गली नंबर तीन में सीवरेज के लीकेज होने से गटर की गंदगी घरों में बनी पानी की हौज में पहुंच रही है, जिससे पीने का पानी तो दूषित हो ही रहा है, साथ ही इससे बदबू भी आती रहती है. इससे क्षेत्रवासी बीमार हो रहे हैं. क्षेत्र में जो दूषित पानी की समस्या है, उसका मुख्य कारण सीवरेज के लीकेज ही हैं. इस संबंध में क्षेत्र की एक महिला द्वारा कई बार शिकायत दर्ज करवाई. इस पर दो अधिकारी आकर उक्त महिला को समझा गए कि निराकरण हो जाएगा. पहले कंप्लेंट कटवा दीजिए. अब सवाल यह उठता है कि हाल ही में शहर में बड़ा हादसा हो चुका है, फिर भी ऐसे अधिकारी अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं. अब सवाल यह उठता है कि ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों पर महापौर और मंत्री क्या ऐक्शन लेंगे?

### यह बोले रहवासी...



चेंबरों का पानी कई घरों में भर जाता है. मेरे घर की पानी की हौदी में भी गटर की गंदगी भर चुकी है. ऐसा पानी पिएंगे तो क्या होगा. मैंने तीन बार शिकायत दर्ज करवाई, पर कोई सुनवाई नहीं हुई.

**- शकुंतला सिसोदिया**




थोड़ी-बहुत सफाई कर छोड़ देते हैं. पीछे की लाईन पूरी चोक है, जिसका गंदा पानी घर में आ रहा है. इसके अलावा पीने का पानी भी गंदा आ रहा है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं.

**- लक्ष्मी रघुवंशी**



चेंबर साफ करने के बावजूद हर दूसरे दिन गंदगी सडक़ पर बहती है. कर्मचारी कहते हैं कि चेंबर टूटा हुआ है, जब उन्हें पता है तो इसको सुधारते क्यों नहीं, ऐसे में नर्मदा पानी दूषित होना संभव है.


**- पिंटु दास**



नल 15-20 मिनट ही आते हैं, उसमें भी पहले 5-10 मिनट पानी बहुत ही गंदा आता है, जब पानी साफ आता है तो नल चले जाते हैं. कई सालों से लोग कुएं से पानी ला रहे हैं.

**- किशन सिंह**

**सुधार के लिए मैं खुद हर गली में सर्वे कर रही हूं**



क्षतिग्रस्त चेंबरों को दुरुस्त कर रहे हैं, लाइनों को चेक करके बदल रहे हैं, मैं स्वयं वार्ड के हर गली में सर्वे कर रही हूं, कर्मचारियों द्वारा कंप्लेंट कटवाने का दबाव बनाने वाली घटना को लेकर मैं झोनल अधिकारी से बात करूंगी.

**- सैफु कुशवाहा, पार्षद**

## चाइनीज मांझे पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, तीन को पकड़ा

▸ बेचने और उपयोग दोनों पर पुलिस ने किया प्रहार

▸ चंदन नगर, द्वारकापुरी व अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में की कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है. मानव जीवन के साथ ही पशु पक्षियों के लिए घातक साबित हो रहे नायलॉन और धात्विक तत्वों से बने चाइनीज मांझे के विक्रय व उपयोग पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा है.

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदन नगर, द्वारकापुरी और अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की. इस दौरान चाइनीज मांझा बेचने वाले दो आरोपियों और इसका उपयोग कर पतंग उड़ाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज डोर भी जब्त की हैं. द्वारकापुरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किराने की दुकान से चाइनीज मांझा बेचते हुए वृंदावन चौरसिया (43 वर्ष) निवासी द्वारकापुरी को पकड़ा. वहीं, चंदन नगर पुलिस ने मदीना मस्जिद के पास से अय्यूब मंसूरी निवासी नंदन नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात चाइनीज मांझा की गिरनियां जब्त कीं. आरोपी की दुकान को सील भी किया गया. इसके अलावा अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे मैदान में चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाते हुए 19 वर्षीय आशीष मोयल को पकड़ा, उस पर भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई. पुलिस आरोपियों से मांझे की खरीदी बिक्री के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ कर रही है.



## नशे के लिए पैसे नहीं दिए तो पत्नी का सिर फोड़ा

इंदौर. अशोक नगर क्षेत्र में नशे के लिए रुपए मांगने से मना करने पर एक व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और फिर बीच-बचाव करने पहुंचे साले को भी नहीं बख्शा. दोनों के साथ जमकर मारपीट कर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी.

पीड़िता रेखा जैन ने पुलिस को बताया कि उसका पति नशे की हालत में घर पहुंचा और पैसों की मांग करने लगा. रुपए देने से इनकार करने पर वह आक्रोशित हो गया और मारपीट करते हुए उसका सिर फोड़ दिया. शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए रेखा का भाई संतोष जैन मौके पर पहुंचा, तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की. आरोप है कि जाते-जाते आरोपी ने दोनों भाई-बहन को धमकाया कि दोबारा उलझे तो जान से खत्म कर देगा.

### एक नजर में

### अभिनेता धर्मेंद्र को गीतों से दी श्रद्धांजलि



**महू.** संस्कृति म्यूजिक ग्रुप एवं राज जनकल्याण सामाजिक संस्था द्वारा स्थानीय चौपड़ा वाटिका में रविवार की शाम को दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र देओल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से स्वर वेणी संगीत संध्या का आयोजन किया गया. इसमें संगीत, रंगमंच और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला. कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र श्रीवास एवं रंगमंच कलाकार पवन मेहरा, सरोज नीम ने स्व. धर्मेंद्र, सनी देओल और अभिनेत्री हेमा मालिनी की भूमिकाओं का प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया. वहीं, स्वर वेणी संगीत संध्या में कार्यक्रम के सूत्रधार राजकुमार बागड़ी रहे, जबकि संगीत संयोजन की जिम्मेदारी संजय दीवान ने निभाई. इस अवसर पर शहर के अनेक गायक-गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति दी. इनमें संजय अग्रवाल, सीपी शर्मा, अतुल शुक्ला, योगेश पहारे, उमेश यादव, राजकुमारी सोनी, पायल सोलंकी, सोनू डॉलर, ओमप्रकश बारसे, मोनू कर्मी, गुनगुन देशवाल, प्रदीप शर्मा सहित अन्य गायक कलाकार शामिल रहे.

### श्री एकेडमी में विद्यार्थियों को बताए यातायात नियम




महू. कोदरिया स्थित विद्यालय श्री एकेडमी में पुलिस के यातायात जागरूकता अभियान के तहत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एएसआई कैलाश बंजारा, एएसआई ओमप्रकाश डोडिया, प्रधान आरक्षक सुरेश गेहलोद, आरक्षक सुरेन्द्र जमता द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सावधानियों से अवगत कराया गया. इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से यातायात संबंधी प्रश्न पूछे. विद्यार्थियों ने भी पुलिस अधिकारियों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया. इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों को पालन करने का संकल्प लिया. कार्यक्रम का संचालन श्री एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार ने किया. आभार प्रदर्शन प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार ने किया. सभी पुलिस अधिकारियों का विद्यालय परिवार की ओर से तिरंगा पट्टिका से सम्मान किया गया. कार्यक्रम का संयोजन संदीप पाल, ललतेश बैरागी, अनुराग मुकाती ने किया.

### अभा सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 को

**महू.** तृतीय अभा सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 11 जनवरी को रेलवे स्टेशन रोड स्थित चोपड़ा वाटिका में प्रात- 9.30 बजे से किया जाएगा. सर्व ब्राह्मण समाज महू के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा तथा परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष पं. कपिल शर्मा (काशी महाराज) के मार्गदर्शन में आयोजित सम्मेलन में पंजीकरण, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णत- निश्शुल्क रहेगी. इसमें देशभर से लगभग 5 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है.